www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, सोमवार,4 मई 2026

सुविचार



कीर्ति का नशा शराब के नशे से भी तेज है। शराब छोड़ना आसान है, कीर्ति छोड़ना आसान नहीं। - सुदर्शन

लखनऊ के प्रमुख समाचार


- लालबाग सुपर मार्केट और चिड़िया बाजार में लगी आग II
- स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में आप का प्रदर्शन III
- इशकांत स्विमिंग क्लब ओवरऑल चैंपियन IV



# आज भी आंधी-बारिश की संभावना, अभी और लुढ़केगा तापमान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अधिकतम तापमान 33.3 और न्यूनतम 21.2 डिग्री रहा
- मौसम विभाग ने आठ डिग्री तक तापमान गिरने की संभावना जताई

**अमृत विचार :** शहर के मौसम सोमवार को फिर बदलाव होने की संभावना है। कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे और एक या दो बार गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चलेगी। बारिश और हवा के कारण तापमान 2-3 डिग्री तक गिर सकता है।

पिछले एक सप्ताह में शहर के तापमान में उतार चढ़ाव हो रहा है। आंधी के साथ बारिश और ओला वृष्टि भी हो चुकी है। इससे तापमान में गिरावट आई थी। शनिवार तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी हुई, लेकिन रविवार तड़के फिर आंधे के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने से तापमान लुढ़क गया। इससे अधिकतम तापमान करीब 1 डिग्री सेल्सियस गिरकर 33.3 डिग्री पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री घटा, ये 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड कियागया। अब मौसम विभाग ने रविवार देर रात को आंधी आने की संभावना जताई है।सोमवार को आंधी के साथ बादल छाने और बारिश होने की संभावना है। बारिश और आंधी के कारण अधिकतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। इस सप्ताह मौसम उतार, चढ़ाव वाला बना रहेगा। बादलों की आवाजाही भी रहेगी। 10 मई तक गर्मी कम रहेगी, लू चलने के आसार नहीं हैं।



हाईकोर्ट के गेट नंबर 4 और 5 के सामने भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

## नगर निगम के 24 रैन बसेरों में बनाए गए कूलिंग प्वाइंट

**अमृत विचार,लखनऊ :** 150 स्थलों पर प्याऊ के इंतजाम भी किए हैं। इन प्याऊ में दो पानी के बड़े मटके और पानी के गिलास की व्यवस्था की गई है। इन स्थलों की देखरेख के लिए भी कर्मचारियों की तैनाती की गई है। मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने बताया कि आवश्यकतानुसार प्याऊ की संख्या और बढ़ाई जाएगी।

## नगर निगम के 24 रैन बसेरों में बनाए गए कूलिंग प्वाइंट

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम ने लू और गर्मी में बचाव के लिए शहर में 24 स्थायी रैन बसेर में भी कूलिंग प्वाइंट बनाए हैं। यहां कूलर-पंखा, सोफा-कुर्सी और बेड का भी इंतजाम है। इन कूलिंग प्वाइंट पर लोग गर्मी और लू से बचने के लिए आराम कर सकेंगे। गुड़ के साथ मटके के ठंडे पानी से प्यास बुझाएंगे। नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश गौतम ने बताया कि पॉलिटेक्निक चौराहा, गोमती नगर पत्रकारपुरम चौराहा, जीएसटी भवन, जीपीओ विधानसभा मार्ग और भार्गव पेट्रोल पंप रोड पर भी कूलिंग पॉइंट्स बनाए जा रहे हैं।

## तीर्थयात्रा के बाद पहले बड़े मंगल को भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व महा तीर्थयात्रा में प्रदेश के 1008 श्रद्धालुओं को शामिल करने का महा संकल्प सफलता के साथ पूरा किया गया है। इस यात्रा में सत्य सनातन नारी शक्ति को भी शामिल होने का जो मौका मिला वो सुखद रहा। इस सफल आयोजन के अवसर पर ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार 5 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की ओर से मंगलवार 5 मई को दोपहर 1:30 बजे से इंदिरा नगर लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास स्थित शिवशक्ति शनिदेव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## शहर में आज



- बादशाहबाग स्थित पशुपालन निदेशालय में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा 16 जनपदों में 30 वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का उद्घाटन-12 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य मेले

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। साथ ही उन्हें मौसमी बिमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हर रविवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया जाता है। इस मेले में निशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण, टीकाकरण, और परिवार कल्याण सेवाएं प्रदान की जाती हैं। साथ लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संचालित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाती है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि घरों और आसपास जलजमाव न होने दें तथा पुराने बर्तन, टायर, गमलों की प्लेट, फ्रिज की ट्रे और कूलर आदि में पानी जमा न होने दें और नियमित सफाई रखें।

### लखनऊ में लगेंगे 35 लाख से अधिक पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर को हरा-भरा बनाने के लिए वृहद पौधारोपण अभियान में वन विभाग 35 लाख 9 हजार 280 पौधे लगाएगा। इसमें 28 सरकारी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस बार अभियान को केवल पौधों की संख्या तक सीमित नहीं रखा जाएगा। लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग की जाएगी, जिससे उनकी ऑनलाइन निगरानी संभव हो सकेगी। इसके जरिए यह पता लगाया जा सकेगा कि पौधे कहां लगाए गए हैं और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है। इससे पौधों की सुरक्षा और उनके जीवित रहने की दर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। अभियान के तहत अलग-अलग विभागों को उनकी क्षमता के अनुसार लक्ष्य दिए गए हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण को निर्धारित लक्ष्य से एक लाख अधिक पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नगर निगम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 1 लाख 6 हजार पौधे लगाएगा। अन्य विभाग भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रशासन को उम्मीद है कि यह व्यापक पौधारोपण अभियान शहर की पर्यावरणीय स्थिति को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा और लखनऊ को एक स्वच्छ और हरित शहर के रूप में स्थापित करेगा।

### कार्यशाला में बधाई गीत की बारीकियां सिखाईं

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवधी लोकसंस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में सराहनीय प्रयास करते हुए गौरैया संस्कृति संस्थान की ओर से आयोजित कार्यशाला के चौथा दिन लोकधुनों की मधुर गूंज के साथ सम्पन्न हुआ। संस्थान की संस्थापक रंजना मिश्रा ने जानकारी दी कि रविवार को आयोजित सत्र में लोकगायिका इंदिरा श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को पारंपरिक बधाई गीत और दादरा की बारीकियां सिखाईं। कार्यशाला में ' 'ननद मोरी आइ गई लै के बधावा, उई रनियां उई रनियां जैसे लोकप्रिय दादरा गीतों के साथ-साथ नकटा और मैं जालिम चोर बजनी जैसे पारंपरिक लोकगीत भी सिखाए गए। इन गीतों के माध्यम से विलुप्त होती अवधी लोकधुनों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। रंजना मिश्रा ने बताया कि 5 मई से गोमतीनगर स्थित वास्तुखण्ड में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें बधाई गीत, दादरा, सोहर, नकटा, सरिया और लोक भजन जैसी विभिन्न लोक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान लगभग 11 पारंपरिक गीत सिखाए जाएंगे, जो विभिन्न सामाजिक और पारिवारिक अवसरों पर आधारित होंगे।

# नीट में बायोलॉजी के प्रश्नों ने उलझाया

## अभ्यर्थी बोले,पिछले वर्ष की तुलना में आसान थे पेपर, कटऑफ 70 प्रतिशत तक जाने का अनुमान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 37176 अभ्यर्थी पंजीकृत थे शहर के 70 केंद्रों पर
- 36148 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए
- 720 अंकों के तीनों विषयों में 180 प्रश्न हल करने थे
- 2 बजे से शाम 5 बजे तक कराया गया परीक्षा का आयोजन

**अमृत विचार :** शहर में नेशनल पीजी कॉलेज, डीएवी और केकेसी डिग्री कॉलेज सहित अन्य केंद्रों रविवार को हुई नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी, नीट) में बायोलॉजी के प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को उलझा दिया, फिजिक्स के प्रश्न भी कुछ कठिन रहे, लेकिन केमेस्ट्री के आसान प्रश्नों ने राहत दी। 720 अंकों के तीनों विषयों में 180 प्रश्न हल करने थे। फिजिक्स व केमिस्ट्री के 45-45 और बॉयोलॉजी के 90 प्रश्न थे। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि फिजिक्स के कुछ प्रश्न फार्मूला आधारित थे। बॉयोलॉजी के प्रश्न घुमावदार को हल करने में समय ज्यादा लगा। फिर भी पिछली बार के मुकाबले प्रश्न पत्र आसान आए।

नीट-यूजी के लिए शहर के 76 परीक्षा केंद्रों पर 37176 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, इसमें 36148 अभ्यर्थी शामिल हुए। अभ्यर्थी 2 घंटे पहले ही पहुंच गए। बायोमैट्रिक जांच, सघन तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। दोपहर 1:30 बजे गेट बंद कर दिए गए। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। दोपहर 2 से परीक्षा शुरू हुई। शाम 5 बजे के बाद परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के चेहरे पर मुस्कान दिखी। परीक्षार्थियों ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार प्रश्न पत्र सरल रहा। इससे कट-ऑफ 70 प्रतिशत तक जाने का अनुमान है। तीनों विषयों में कोई भी प्रश्न पाठ्यक्रम के बाहर से या गलत नहीं पूछा गया। बताया कि केमिस्ट्री के भाग में न्यूमेरिकल प्रश्न अधिक पूछे गए थे, लेकिन वे अधिक लंबे नहीं थे। 720 अंकों की इस परीक्षा में माइनस मार्किंग के बावजूद छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दिए। परीक्षार्थियों के अनुसार जिन्होंने थोड़ी बहुत तैयारी की थी, वे 50 से 60 प्रतिशत से अधिक सवालों को हल करने में सक्षम रहे। पहली बार परीक्षा में बैठने वाले छात्रों ने भी पेपर के स्तर को देखते हुए अच्छे अंकों की उम्मीद जताई है।





नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र के बाहर अभ्यर्थियों की तलाशी लेते गार्ड और शिक्षक। अमृत विचार

### परीक्षा का स्तर मध्यम रहा



**अमृत विचार :** एसकेडी न्यू स्टैंडर्ड कोचिंग इंस्टिट्यूट, लखनऊ के अनुसार नीट 2026 परीक्षा का स्तर मध्यम रहा। ग्रुप केनिदेशक मनीष सिंह ने बताया कि बायोलॉजी में बॉटनी से 50 और जूलॉजी से 40 प्रश्न आए, जिससे यह भाग संतुलित और स्कोरिंग रहा। केमिस्ट्री सामान्य रही, जबकि फिजिकल भाग थोड़ा कठिन था। फिजिक्स सेक्शन अपेक्षाकृत कठिन रहा, खासकर रोटेशनल मोशन, मैग्नेटिज्म और मॉडर्न फिजिक्स के प्रश्न चुनौतीपूर्ण थे। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार सामान्य वर्ग के लिए सरकारी एमबीबीएस सीट का कटऑफ लगभग 630 अंक तक जा सकता है, जो पिछले वर्ष से अधिक है।



नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट देने पहुंची अभ्यर्थी की बायोमैट्रिक जांच करती तकनीकी टीम।

### परीक्षार्थी बोले

- पेपर न ज्यादा आसान था, न ही ज्यादा कठिन। कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई। फिजिक्स और कैमेस्ट्री में भी कठिन सवाल इस बार नहीं थे। बॉयो में भी आसान सवाल ही थे। **-सौरभ जायसवाल**
- पिछले वर्ष की तुलना में इस बार परीक्षा आसान थी। जो लोग इस बार तैयारी कर परीक्षा में शामिल हुए हैं,उन्हें सवालों के जवाब देने में अधिक नहीं जूझना पड़ा होगा। कैमेस्ट्री में भी न्यूमेरिकल अधिक आये थे। **-सुयश कृष्ण मिश्र**
- बॉयोलॉजी और कैमेस्ट्री में लोगों कुछ दिक्कत हुई होगी। इनमें भी अधिकांश आसान सवाल ही पूछे गये थे। आसान सवालों के कारण छात्रों को पर्याप्त वक्त मिला और वे अधिक से अधिक सवालों का जवाब दे सके। **-जिया**
- पेपर बहुत आसान नहीं था तो बहुत कठिन भी नहीं रहा। आसान सवाल ही पूछे गये थे। कमेस्ट्री को छोड़ कर किसी भी हिस्से को लेकर कोई परेशानी नहीं रही। कोई भी सवाल ऐसा नहीं रहा जो गलत पूछा गया हो या फिर छात्रों ने पढ़ा न हो। **-शिवांश श्रीवास्तव**
- थोड़ी बहुत परेशानी सिर्फ कैमेस्ट्री में हुई। फिजिक्स तैयार थी। न्यूमेरिकल क्वेश्चन भी लंबे नहीं रहे। ऐसे में इनके सवाल देने में अधिक वक्त नहीं लगा। पेपर ठीक आया था। **-परवेज खान**
- पेपर बहुत आसान रहा। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार फिजिक्स की तैयारियों ने राहत दी। बॉयो और कैमेस्ट्री में भी अधिक कठिन क्वेश्चन नहीं थे। ऐसे में सभी का पेपर अच्छा ही हुआ होगा। लोगों ने इस बार 60 सवालों तक जवाब जरूर दिये हैं। **-मो. साहिल**

# अब घुटने के ऑपरेशन होंगे ज्यादा सुरक्षित और सटीक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसजीपीजीआई में सिमुलेशन आधारित नी आर्थोस्कोपी कोर्स शुरू
- मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज और तेज रिकवरी का लाभ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में सर्जिकल ट्रेनिंग के क्षेत्र में एक नई पहल शुरू की गई है, जिससे घुटने की सर्जरी कराने वाले मरीजों को और बेहतर इलाज मिलने की उम्मीद है।

डॉक्टरों को इस दिशा में दक्ष बनाने के लिए संस्थान में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण शुरू किया गया है। जिससे ऑपरेशन अधिक सुरक्षित, सटीक और कम जटिल बनेंगे। इस प्रशिक्षण के तहत एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के एडवांस स्किल लैब में ऑर्थोपेडिक्स विभाग की ओर से उत्तर भारत का पहला ''हैंड्स-ऑन नी आर्थोस्कोपी सिमुलेशन कोर्स'' आयोजित किया गया। जिसमें देशभर से आए डॉक्टरों और ट्रेनी सर्जनों ने भाग लिया। कोर्स के दौरान वर्चुअल रियलिटी आधारित सिमुलेटर के माध्यम से प्रतिभागियों को घुटने की सर्जरी की जटिल तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कैमरा हैंडलिंग, ट्रायएंगुलेशन, पोर्टल प्लेसमेंट और डायग्नोस्टिक आर्थोस्कोपी जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं पर विशेष जानकारी दी गई। साथ ही, वास्तविक उपकरणों के साथ प्रैक्टिकल अभ्यास भी कराया गया।

आयोजन संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन के संरक्षण में हुआ। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख प्रो. अरुण श्रीवास्तव अध्यक्ष, प्रो. पुलक शर्मा आयोजन सचिव रहे। प्रो. पुलक शर्मा ने बताया कि सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण से सर्जन पहले ही बिना किसी जोखिम के अभ्यास कर लेते हैं, जिससे ऑपरेशन के दौरान त्रुटियों की संभावना कम हो जाती है। इससे मरीजों की सुरक्षा बढ़ती है और इलाज के परिणाम बेहतर होते हैं।




प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ।

## केजीएमयू में हेपेटाइटिस जांच ठप

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी चिकित्सा संस्थान केजीएमयू में नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) से बजट न मिलने से हेपेटाइटिस जांच किट खत्म हो गई हैं। इससे करीब एक सप्ताह से हेपेटाइटिस वायरल लोड की जांच ठप है। मरीजों को निजी लैब में महंगी जांच करानी पड़ रही है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में रोजाना 7 से 8 हजार मरीज पहुंचते हैं। इसमें 40-50 मरीजों को हेपेटाइटिस जांच के लिए लिखा जाता है। केजीएमयू नोडल सेंटर होने के कारण आसपास के जिलों से भी सैंपल यहां जांच के लिए भेजे जाते हैं। सामान्य दिनों में रोजाना 70 से 90 सैंपलों की मुफ्त जांच होती थी, लेकिन किट न होने से जांच रुक गई है। डॉक्टरों के सामने भी दुविधा की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि जांच रिपोर्ट के बिना दवा लिखना संभव नहीं हो पा रहा है। हालांकि, संस्थान प्रशासन का दावा है कि स्थिति जल्द सामान्य हो जाएगी। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह के अनुसार अगले दो-तीन दिनों में जांच दोबारा शुरू कर दी जाएगी।

जागरूक किया

लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से चार श्रेणियों में किया गया ग्रीन रेस का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देने को दौड़े 1500 लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित ग्रीन रन में जबरदस्त उत्साह दिखा। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से आयोजित दौड़ में प्रतिभाग के लिए सुबह 5 बजे महिला, पुरुष और बच्चों समेत 1500 से अधिक लोग पहुंच गए। सुबह बारिश से मौसम खुशनुमा होने से प्रतिभागियों का जोश और बढ़ गया।

ग्रीन कॉरिडोर पर झूलेलाल वाटिका से न्यू डालीगंज ब्रिज के मध्य 3.5 किलोमीटर (5 हजार स्टेप) कराई गई। कार्यक्रम में एक तरफ लोगों ने योगा और जुंबा सेशन के माध्यम से वॉर्म-अप किया। तो दूसरी तरफ फिल्मी गानों और फ्यूजन म्यूजिक पर युवा खूब थिरके। सुबह 6 बजे फ्लैग ऑफ के साथ ग्रीन रन की शुरुआत हुई।18 से 30 वर्ष श्रेणी में सुमित ने प्रथम, रमेश ने द्वितीय और सुनील ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 30 से 50 वर्ष श्रेणी में अजय अव्वल रहे, जबकि मयंक अवस्थी द्वितीय और राघवेन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह 50 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग में आदेश ने प्रथम, आदित्य ने द्वितीय और अजय कुमार टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा युगल श्रेणी में सत्यम-स्नेहा ने बाजी मारी, जबकि श्रेयश-स्नेहा द्वितीय और ध्रुव-चन्द्रा तृतीय स्थान पर रहे। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व सचिव विवेक श्रीवास्तव ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, रेस में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट व मेडल प्रदान किए गए।



पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई ग्रीन रन में दौड़ते प्रतिभागी।

### सोशल मीडिया पर दिखा ट्रेंड

एलडीए की इस ग्रीन रन का सोशल मीडिया पर जबरदस्त ट्रेंड देखने को मिला। कार्यक्रम में आये युवाओं ने खूब सेल्फी ली, उमंग और उत्साह से भरे वीडियो रिकॉर्ड किये और सोशल मीडिया पर पोस्ट किये। रेस के रूट पर चार स्थानों पर हाइड्रेशन प्वाइंट बनाए गए। सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल व चिकित्सकों की टीम एम्बुलेंस के साथ मौजूद रही।



ग्रीन रन में दौड़ता बच्चा।

## सिटी ब्रीफ

### होटल में पति को दूसरी महिला संग पकड़ा

अमृत विचार, गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित होटल मेपल ट्री ओमेक्स में रविवार की शाम हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। आलमबाग निवासी युवक को उसकी पत्नी ने दूसरी महिला के साथ होटल में पकड़ लिया। जिसके बाद होटल परिसर में देर तक हंगामा चलता रहा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। पीड़ित पत्नी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बेटी के जन्म के बाद पति के व्यवहार में बदलाव दिखने लगा। शक होने पर जानकारी जुटायी। पता चला कि पति रविवार को एक युवती संग होटल में रूके हैं। जिसके बाद वहां पहुंची और पति को रंगेहाथ पकड़ लिया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : जीआई के वृंदावन कालोनी स्थित आसरा इन्क्लेव निवासी सलोनी (26) की शादी दिसंबर 2024 में अरुण कुमार यादव के साथ हुई थी। गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने पर पति सलोनी को ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचा, जहां उसने सीढ़ियों से गिरने की बात कही। इलाज के दौरान सलोनी की मौत हो गई। घटना के बाद से ही मायके पक्ष ने दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या की ओर इशारा कर रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस का शक गहराया। रविवार को अंतिम संस्कार के बाद मृतका के पिता लाल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जांच में पाया गया कि शरीर पर जो चोट हैं, वह गिरने से नहीं लगी हैं। यह साफ हो गया है कि दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए उकसाया गया है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ऐसे में अन्य लोगों से पूछताछ कर घटनाक्रम के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। ताकि अन्य के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

### जमीन कब्जे का प्रयास सुरक्षा गार्ड पर हमला

अमृत विचार, गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर-बी में दबंगों ने प्लॉट पर कब्जे का प्रयास किया। विरोध करने पर सुरक्षाकर्मियों व हमलावरों के बीच मारपीट हुई। कोर्ट के आदेश पर पीड़ित सुरक्षा गार्ड ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। गार्ड विकास यादव ने बताया कि 27 मार्च को वे प्लॉट की देखरेख और सफाई का काम कर रहे थे। इसी बीच चंद्रा अपार्टमेंट के मालिक आलोक चंद्रा, आशीष चंद्रा और अम्बुद चंद्रा के निर्देश पर एर्लट सिक्योरिटी के कर्मचारी विपुल, शोएब, राजेश सिंह समेत 5-8 अज्ञात लोगों ने हथियारों के साथ प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की। हमलावरों ने गाली-गलौज के साथ लाठी-डंडों से विकास यादव और उसके साथियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने विकास यादव के सिर पर असलहे की बट से वार किया, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा था। पीड़ित ने उसी दिन थाने में सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है

### बस में टकराई पिकअप, चालक फंसा

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा के कानपुर बाईपास पर रविवार तड़के सुबह बेकाबू पिकअप सड़क के किनारे खड़ी प्राइवेट बस में पीछे से टकरा गया। रफ्तार अधिक होने के कारण पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। हादसे में पिकअप चालक केबिन में फंसकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने रेस्क्यू कर केबिन को कटर से काटकर चालक को बाहर निकाला। पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया है। एफएसओ चौक पुष्पेंद्र कुमार यादव ने बताया कि उन्नाव के औरास निवासी रोहित कुमार बालागंज निवासी नवीन दीक्षित की पिकअप के चालक हैं। रविवार को औरास से बालागंज आ रहा था। तभी तड़के तीन बजे दुबग्गा रिंग रोड पर सड़क के किनारे खड़ी प्राइवेट बस में पीछे से टकरा गया। भीषण हादसे में डाले का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे रोहित केबिन में ही फंस गया। परिचालक ज्ञानू सिंह ने किसी तरह बाहर निकलकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कटर से केबिन काटकर एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रोहित को बाहर निकाला। घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

# पड़ोसी ने दी परिवार की हत्या की धमकी, सहमे युवक ने दे दी जान

- शनिवार को पड़ोसी की बाइक से घायल हो गईं थी मां
- पुलिस के पहुंचने पर भाग गया था आरोपी पड़ोसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के रकीबाबाद गांव में बाइक से टक्कर मारने वाले पड़ोसी की युवक ने पुलिस से शिकायत कर दी तो उसने पूरे परिवार की हत्या करने की धमकी दी। इससे घबराए युवक ने रविवार पहले साड़ी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। 30 अप्रैल को उसकी शादी हुई थी और रविवार को घर में पत्नी की विदाई की तैयारी चल रही थी। एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव ने बताया कि परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

रकीबाबाद निवासी चाचा राजीव कुमार ने बताया कि भतीजा रामजीत (21) प्राइवेट नौकरी करता था। 30 अप्रैल को उसकी शादी हुई थी। कुछ रिश्तेदारों और बहू कि विदाई की तैयारी चल रही थी। रविवार सुबह रामजीत ने घर के अंदर कमरे में कुंडे में साड़ी बांधकर फंदा लगा लिया। भाई को लटका देख सुमन चिल्लाते हुए कमरे के बाहर भागी। शोर सुनकर घरवाले और रिश्तेदार दौड़े। परिजन ने आनन-फानन रामजीत को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पड़ताल की।

चाचा राजीव ने बताया कि शनिवार को पड़ोसी करन ने बाइक से रामजीत की मां रामकुमारी को टक्कर मार दी थी। जिससे वह घायल हो गई थी। रामजीत और परिजन ने रामकुमारी को अस्पताल पहुंचाया। रामजीत ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। गोसाईंगंज पुलिस करन के घर पहुंची थी, घटना के बाद करन फरार हो गया। चाचा और घरवालों का आरोप है कि करन ने कॉल और अन्य माध्यमों से रामजीत को धमकाया था। कहा था कि अगर पुलिस में शिकायत की तो 24 घंटे में हत्या कर देगा। उसके बाद परिवार को भी नहीं छोड़ेगा। इससे डरकर रामजीत ने खुदकुशी कर ली।

### पत्नी की मेहंदी भी नहीं छूटी और उजड़ा सुहाग



रामजीत

- रामजीत के शव से लिपटकर उसकी पत्नी रितु रोती रही। परिजन व आस पड़ोस की महिलाएं उसे संभालती रही। ग्रामीणों ने कहा कि पति-पत्नी का बंधन तो सात जन्मों का होता है लेकिन रामजीत और रितु का सात दिन भी नहीं चला। अभी तक बेचारी की हाथ की मेहंदी तक नहीं छूटी थी कि उसका सुहाग उजड़ गया। घर पर रितु की विदाई की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान रामजीत ने जान दे दी। परिवार में मां रामकुमारी, बहन सुमन और सीमा हैं।

### ट्रेन से कटकर आटो चालक ने दी जान

- **अमृत विचार, लखनऊ :** पत्नी से कहासुनी होने पर रविवार सुबह ऑटो चालक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूलतः सीतापुर के अटरिया गांव निवासी आलोक कुमार (22) ऑटो चालक था। परिवार में पत्नी, दो बेटे कृष्णा और कृष के साथ गोमतीनगर पानी की टंकी के पास झोपड़ी में रहता था। भांजे विवेक ने बताया कि दो-तीन दिन पहले किसी बात को लेकर आलोक का पत्नी से विवाद हुआ था। जिसको लेकर वह काफी तनाव में था। रविवार भोर आलोक नित्यक्रिया के लिए रेलवे लाइन किनारे गया था। वहां सुबह साबरमती एक्सप्रेस को आता देखा। तो उसने रेलवे लाइन पर गर्दन रख दी। आलोक के सिर धड़ से अलग हो गया। सुबह रेलवे लाइन किनारे नित्यक्रिया करने गए लोगों ने आलोक के शव को देखा तो मौके पर भीड़ लग गई। इस बीच लोगों ने आलोक के परिजन और पुलिस को घटना की जानकारी दी। आलोक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोमतीनगर इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक आलोक ने ट्रेन के आगे गर्दन रखकर अपनी जान दी है। उसकी गर्दन धड़ से अलग है। शरीर में और कही चोट के निशान नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

### सीएचओ से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखीमपुरखीरी के एक अस्पताल में तैनात कम्युनिटी हेल्थ अफसर (सीएचओ) को नशीला जूस पिलाकर दुष्कर्म और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लाखों के जेवर व रुपये ऐंठने वाले आरोपी को गुडंबा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी रामनरेश यादव निवासी बदौसा बांदा को जेल भेज दिया गया है। आरोपी की पत्नी की भूमिका की जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि खीरी निवासी पीड़िता ने 3 फरवरी को गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि कुछ साल पूर्व वह गुडंबा क्षेत्र स्थित एक अस्पताल में नौकरी करती थी। उसकी रूम मेंट चांदनी थी। चांदनी का दोस्त रामनरेश यादव है।

# लखनऊ में बेचने के लिए लाई गई 560 किलो नकली सिगरेट पकड़ी

## ट्रेन में दिल्ली से लाई जा रही खेप यहियागंज बाजार में खपाने की तैयारी थी

- 38.40 लाख रुपये बताई जा रही बरामद सिगरेट की कीमत
- 12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस से लाए थे
- कैसरबाग के आसिफ खान को 16 पार्सल पैकेट ले जाते पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चारबाग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने रविवार को दिल्ली से तस्करी कर लाइ जा रही नकली सिगरेट का जखीरा पकड़ा है। बरामद 560 किलो सिगरेट की कीमत करीब 38.40 लाख रुपये बताई जा रही है। खेप यहियागंज बाजार में ठिकाने लगाने की तैयारी थी। आरपीएफ ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

आरपीएफ क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि ट्रेन नंबर 12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस से आए पार्सल में नकली सिगरेट है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह यादव, सुनीत कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ जंक्शन के निरीक्षक अमित कुमार राय, उपनिरीक्षक सूरज थापा ने पड़ताल शुरू की। टीम ने पार्सल गेट के बाहर आसिफ खान निवासी हुसैनगंज कैसरबाग को 16 पार्सल पैकेट ले जाते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि माल अनुज महेश्वरी का है, लेकिन वह किसी भी तरह का वैध लाइसेंस, परमिट नहीं दिखा सका।

आरपीएफ ने दोनों ब्रांड की एक-एक डिब्बी नमूने के रूप में अलग कर बाकी माल सील कर जब्त कर लिया है। मामले में रेल अधिनियम की धारा 163 के तहत केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



बरामद माल के साथ आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम।

### पार्सल में दर्ज था फोन कवर, जींस

- उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह यादव ने बताया कि जांच में पता चला कि पार्सल में फोन कवर, जींस व प्लास्टिक का सामान दर्ज कराया गया था, ताकि आरपीएफ की रडार पर न आए। पार्सल खोला गया तो उसमें टोजल सुपरमिंट ब्लेंड मास्टर फिल्टर 167 .5 किलो, इंप्रेशन क्रश मिंट फिल्टर 392 .7 किलो बरामद किया गया।

### महंगे शौक के लिए चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद माल।

- **अमृत विचार, लखनऊ :** महंगे शौक के लिए बंद मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को कैसरबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद पुलिस ने करीब 15 किमी के दायरे के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले थे। जिसके बाद बाइक सवार चोरों को ट्रैक किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों के जेवर, रुपये और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। डीसीपी कमलेश दीक्षित ने बताया कि 28 अप्रैल 2026 को मकबूलगंज निवासी निरुपमा श्रीवास्तव ने घर का ताला तोड़कर जेवर व नकदी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले। इस आधार पर इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्रा व उनकी टीम ने सर्विलांस की मदद से रोजगार भवन के सामने से तीन आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम करन वर्मा निवासी आश्रयहीन कॉलोनी चुन्नूखेड़ा पारा हालपता लोनीकटरा बाराबंकी, सुशील सोनी निवासी मातन टोला निकट चतुर्भुजी मंदिर गोसाईंगंज व मोहम्मद आजम उर्फ रानू निवासी लामार्टिनियर पुरवा गौतमपल्ली हालपता मकबूलगंज कैसरबाग बताया। इंस्पेक्टर ने बताया कि तीनों आरोपी शहर में घूम-घूमकर बंद मकानों की रेकी करते थे। आरोपी मोहम्मद आजम ने अकेले ही निरुपमा के घर की रेकी की थी। उसके बाद साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 392 .65 ग्राम सोने के जेवर, करीब 217 .78 ग्राम चांदी के जेवर और 8870 रुपये बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी करन पर 16, सुशील सोनी पर सात और मोहम्मद आजम चार मामले शहर के कई थानों में चोरी व अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं।



हजरतगंज में बिना हेलमेटलगाकर दोपहिया वाहन चलाती युवती को हिदायत देतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### पार्श्वनाथ प्लाजा की 11वीं मंजिल से कूदी युवती

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग के सामने स्थित पार्श्वनाथ प्लांजा की 11वीं मंजिल से रविवार देर रात को युवती ने छलांग लगा दी। उसे गंभीर हालत में लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक रात करीब 8.30 बजे पार्श्वनाथ प्लाजा की 11वीं मंजिल से किसी के कूदने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि युवती ने बाथरूम की बालकनी से छलांग लगाई थी। घायल हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। युवती की पहचान शिवांशी पाल (22) के रूप में हुई। मूलतः रायबरेली की शिवांगी सुरेंद्र नगर में किराये पर रहती है। घटना के उसके साथ सहकर्मी अंजली सिंह भी थी। शिवांशी पार्श्वनाथ प्लाजा स्थित वोडाफोन एडब्ल्यूएस में टेलीकॉलर है। पुलिस ने युवती के परिवारजनों को सूचित किया। उसकी बहन रोली को भी सूचना दे दी गई है।

# लालबाग सुपर मार्केट और चिड़िया बाजार में लगी आग

- हजरतगंज व चौक इलाके में शनिवार देर रात हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हजरतगंज लालबाग की सुपर मार्केट में शनिवार देर रात दुकान में आग लग गई। वहीं, चौक के नक्खास चिड़ियाबाजार में भी आग लग गई। दोनों जगह अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। दोनों स्थानों सामान जल गये। कोई जनहानि नहीं हुई।

लालबाग सुपर मार्केट में शनिवार देर रात तीन बजे न्यू मोटर गैराज के बगल में दुकान में आग लग गई। अचानक आग लगने से वहां हड़कंप मच गया। आग की लपटें देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हजरतगंज फायर स्टेशन से तुरंत ही दमकल कर्मी पहुंचे। फायर पुलिस वालों ने चंद मिनट पर आगू पर काबू पा लिया। समय से दमकल कर्मी न पहुंचते तो आग दूसरी दुकानों में फैल सकती थी, जिससे बड़ा हादसा और नुकसान होने का खतरा रहता। हजरतगंज फायर स्टेशन से एफएसओ राम कुमार रावत ने कहा कि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। समय रहते कार्रवाई होने से बड़ा हादसा टल गया। वहीं, नक्खास स्थित चिड़िया बाजार में शनिवार रात आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही छाछड़ा चौकी इंचार्ज राजेंद्र यादव और नक्खास चौकी इंचार्ज ब्रजपाल सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को घटना स्थल से दूर किया। सूचना पर चौक फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां पहुंची। दमकल कर्मियों ने चंद मिनट पर आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। दूसरी दुकानों तक आग नहीं पहुंच सकी। इससे बड़ा हादसा टल गया।

# बाइक को टक्कर मारी, कार चालक ने धमकाया

- आशियाना के पुरानी जेल रोड पर हुई घटना, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आशियाना के पुरानी जेल रोड पर बेकाबू कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं कार चालक मदद करने के बजाये घायल को धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस दो सप्ताह तक टरकाती रही। उच्चाधिकारियों के फटकार के बाद एफआईआर दर्ज की गई।

नौबस्ता निवासी दीपक जायसवाल 13 अप्रैल को बाइक से पुरानी जेल रोड की तरफ जा रहे थे। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार संख्या यूपी 32 एमक्यू 9477 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दीपक सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। हादसे में उनके पैर, हाथ और पेट में गंभीर चोटें आई। आरोप है कि कार चालक ने मौके से भागते समय उन्हें दोबारा कुचलने की कोशिश की। आसपास के लोग जुट गये। इसके बाद कार में सवार व्यक्ति और उसके साथ मौजूद महिला ने घायल दीपक के साथ दुर्व्यवहार किया।

जान से मारने की धमकी देकर निकल भागे। दीपक ने लोकबंधु अस्पताल से इलाज कराने के बाद घायल अवस्था में ही बंगला बाजार पुलिस चौकी पहुंचकर गाड़ी नंबर के आधार पर शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्हें बार-बार टरकाया जाता रहा। उच्चाधिकारियों की फटकार के बाद शनिवार को रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# वीडियो वायरल करने की धमकी दे किया ब्लैकमेल

- नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसाया, संबंध तोड़ने पर की हरकत
- कृष्णानगर थाने में युवती ने युवक व उसकी पत्नी पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कृष्णानगर इलाके में रहने वाली युवती को युवक ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसाया। युवती को जानकारी हुई कि युवक शादीशुदा है तो उसने संबंध तोड़ लिये। इससे भड़के युवक ने युवती की अश्लील फोटो, वीडियो और निजी मैसेज वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने कृष्णानगर थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने युवक व उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। कृष्णानगर इलाके की रहने वाली युवती के मुताबिक सुशील सिंह नामक युवक ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर दोस्ती की। धीरे-धीरे उसने प्रेमसंबंध बना लिया। सुशील अपनी पत्नी द्वारा प्रताड़ित किए जाने की झूठी कहानियां सुनाकर सहानुभूति बटोरता रहा जिससे युवती उसकी बातों में आ गई और दोनों के बीच बातचीत व मैसेज का सिलसिला शुरू हो गया। युवती को जब जानकारी हुई कि सुशील सिंह शादीशुदा है। इस पर उसने प्रेम दूरियां बना ली। इसी बात से नाराज सुशील ने युवती को धमकी



देना शुरु कर दिया। उसे मैसेज कर आत्महत्या करने की धमकियां देने लगा। कहा कि उसने बात नहीं मानी तो उसके अश्लील फोटो व वीडिया के साथ निजी मैसेज को पिता को भेजने के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

आरोपी सुशील और उसकी पत्नी सृष्टि उसके घर पर आकर बेइज्जत करने की धमकी भी देते हैं। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर सुशील व सृष्टि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**जांच** | जनेश्वर इन्क्लेव अपार्टमेंट की 11वीं मंजिल से कूदकर प्रॉपर्टी डीलर के खुदकुशी का मामला

# प्रबल के परिवार का पुलिस आज दर्ज कराएगी बयान

- आईपीएल सट्टा लगाने वाले कई संदिग्धों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कुर्सी रोड स्थित जनेश्वर इन्क्लेव अपार्टमेंट की 11वीं मंजिल से कूदकर प्रॉपर्टी डीलर प्रबल जैन ने खुदकुशी कर ली थी। वह आईपीएल के सट्टे में लाखों रुपये हार गये थे। इस मामले में पुलिस आईपीएल सट्टा लगवाने वाले कई संदिग्धों की कुंडली खंगाल रही है। इनमें तीन नाम तो प्रबल के सुसाइड नोट में दर्ज थे।

घटना के चार दिन बाद भी परिजन द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस इस मामले में प्रबल के परिजन का बयान दर्ज करेगी। सीतापुर के महमूदाबाद निवासी प्रबल आईपीएल के सट्टे में लाखों रुपये हार गए। प्रॉपर्टी डीलर प्रबल जैन गुरुवार की रात अपार्टमेंट के 11वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। वह कई साल से आईपीएल और ऑनलाइन सट्टा खेल रहे थे। सुसाइड नोट में भी उन्होंने पत्नी को सॉरी लिखकर कहा कि सट्टे की लत छोड़ न पाने के कारण वह आत्महत्या कर रहे हैं। अपनी मौत के खुद जिम्मेदार हैं।

पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किए। दो मोबाइल, सुसाइड नोट कब्जे में लिए। पुलिस और फोरेंसिक टीम मोबाइल डेटा से सट्टा गिरोह से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस की तफ्तीश में मोबाइल में कई संदिग्धों के नंबर मिले थे। इसके अलावा सुसाइडनोट में तीन लोगों के नाम थे। उनके जरिए सट्टे में रुपये लगाते थे। माना जा रहा है कि उन तीनों से रुपयों का लेन-देन भी था। पुलिस मोबाइल नंबर के डेटा से गिरोह से जुड़े अन्य लोगों का ब्योरा जुटा रही है।

एसीपी गाजीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह के मुताबिक प्रबल के घरवालों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। सोमवार को परिजन के बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सुसाइड नोट में जिन तीन लोगों के नाम मिले थे। उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# प्लॉट का झांसा देकर लाखों ठगे बैनामे के बाद नहीं दिया कब्जा

- डीसीपी साउथ के आदेश पर बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** बिजनौर में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने युवक से लाखों रुपये ऐंठ लिए। बैनामे के बाद भी जमीन न मिलने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो धमकाया। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बलसिंह खेड़ा निवासी आदित्य प्रकाश ने बताया कि उन्होंने प्लॉट खरीदने के लिए राजधानी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में संपर्क किया था। वहां उनकी मुलाकात आशुतोष यादव निवासी मस्तीपुर शिवगढ़ रिजार्ट से हुई थी।

आरोपी ने खुद को कंपनी का अधिकृत प्रतिनिधि और एक पार्टी का नेता बताते हुए उसे बिजनौर परगना स्थित भूमि का प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि आशुतोष यादव, विक्रेता जीतू उर्फ गीतू और कंपनी कर्मचारी सुजीत चौरसिया ने मिलकर 22 अक्टूबर 2020 को उसे 1400 वर्गफीट जमीन का बैनामा करा दिया, लेकिन वास्तविक कब्जा नहीं दिया गया।

बल्कि पीड़ित को खसरा संख्या बदलकर दूसरी भूमि पर कब्जा दे दिया। दो वर्ष बाद आरोपियों ने जमीन खाली करने का दबाव बनाते हुए रुपये वापस करने का आश्वासन दिया। उसके बाद भी आरोपियों ने न रुपये वापस किए और न जमीन दी। इंस्पेक्टर बिजनौर कपिल गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में आप का प्रदर्शन

## पुलिस से प्रदर्शनकारियों की झड़प, कई हिरासत में लिए गए, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की अनिवार्यता, गलत बिलिंग और बार-बार हो रही बिजली कटौती के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को शक्ति भवन पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प भी हुई, जिसके बाद कई पदाधिकारियों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए स्मार्ट मीटर व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग की। उनका आरोप है कि यह योजना आम जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रीपेड मीटरों में बैलेंस खत्म होते ही बिजली तुरंत काट दी जाती है, जबकि रिचार्ज के बाद भी घंटों तक आपूर्ति बहाल नहीं होती। साथ ही, पहले जहां बिजली बिल लगभग 1500 रुपये आता था, वहीं अब 6000 से 7000 रुपये तक पहुंच रहा है।

जिलाध्यक्ष इरम रिज़वी ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूपों पर लगाए जा रहे 4जी स्मार्ट मीटर नेटवर्क की कमी के कारण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं, जिससे किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस प्रदर्शन में मनोज मिश्रा, प्रितपाल सलूजा, अनिल जैन और प्रखर श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



शक्ति भवन के बाहर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

### उपभोक्ताओं को मीटरिंग प्रणाली चुनने का अधिकार

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सवाल खड़े किए हैं। परिषद के अनुसार, प्रदेश में कुल 2,94,83,986 घरेलू बिजली उपभोक्ताओं में से लगभग 77,15,951 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। करीब 75,05,244 उपभोक्ताओं के मीटरों को उनकी सहमति के बिना प्रीपेड मोड में बदल दिया गया है, जिसे उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन बताया जा रहा है। परिषद अध्यक्ष और केंद्रीय एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं को अपनी सुविधा के अनुसार मीटरिंग प्रणाली चुनने का संवैधानिक अधिकार है। इसके बावजूद बिना सहमति प्रीपेड प्रणाली लागू करना न केवल अनुचित है, बल्कि यह कानूनी प्रावधानों के भी खिलाफ है।

## सिटी ब्रीफ

### सआदतगंज से डालीगंज जैन मंदिर पहुंचे आचार्य सुबल सागर

**अमृत विचार, लखनऊ:** आचार्य सुबल सागर का सआदतगंज से पद विहार कर डालीगंज जैन मंदिर आगमन हुआ। महावीर पार्क से शुरू हुए जुलूस में बैंड-बाजों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रवचन के दौरान आचार्य ने अहिंसा और शाकाहार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विकास जैन द्वारा पाद-प्रक्षालन एवं विशाल जैन द्वारा शास्त्र भेंट किया गया। महामंत्री रीतेश जैन ने बताया कि आयोजन में संजीव जैन, सुबोध जैन, वीर कुमार, मनोज जैन और पारस जैन मौजूद रहे।

### शांति व धर्म स्थापना के लिए धरती पर आएंगे कल्कि



**अमृत विचार, लखनऊ:** रामकृष्णवचनामृत पर रविवारीय साप्ताहिक प्रवचन में स्वामी मुक्तिनाथानंद ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु ने अब तक 9 अवतार लिए हैं और 10वां अवतार कल्कि अभी होना शेष है। कल्कि को युगावतार, अंतिम अवतार और धर्म-संस्थापक कहा गया है। भागवत पुराण, विष्णु पुराण और कल्कि पुराण में इनके अवतरण का विस्तृत वर्णन मिलता है। यह अवतार केवल कथा नहीं, बल्कि कलयुग के अंत और सतयुग के आरंभ का आध्यात्मिक आश्वासन है। उन्होंने कल्कि अवतार क्यों? पर चर्चा करते हुए कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। जब-जब धर्म का ह्रास और अधर्म का उत्थान होता है, तब-तब भगवान अवतार लेते हैं।

### एनएचएम स्टाफ का दो माह से भुगतान रुका

**अमृत विचार, लखनऊ:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत करीब 2500 कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है। बजट के अभाव में खड़ा हुआ यह संकट अब कर्मचारियों के लिए गंभीर आर्थिक परेशानी का कारण बन गया है। घर का खर्च चलाने से लेकर बैंक की मासिक किस्तें चुकाना तक मुश्किल हो गया है। लखनऊ में एनएचएम के तहत लगभग 500 नर्स, वार्ड ब्वॉय और अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन न मिलने से वे आर्थिक और मानसिक दबाव झेल रहे हैं। उनका आरोप है कि प्रदेश सरकार द्वारा होली से पहले वेतन भुगतान के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक किसी के खाते में राशि नहीं पहुंची। इससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष और आक्रोश है।

### आशा को पांच माह से मानदेय नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ:** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत करीब 1600 आशा बहुओं को भी पिछले पांच महीनों से भुगतान नहीं मिला है। आशा कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहीं इन महिलाओं के सामने अब रोजमर्रा के खर्च पूरे करना भी चुनौती बन गया है। बीते महीने कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर आशा बहुओं ने काम ठप करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने सीएमओ से मिलकर जल्द भुगतान की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने बजट की कमी का हवाला दिया। आशा बहुओं का कहना है कि यदि जल्द बकाया भुगतान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन तेज करते हुए काम बंद करने को मजबूर होंगी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि कुछ तकनीकी कारणों से भुगतान रुका है। जल्द ही समस्या का समाधान होगा।

# एमएसएमई के विकास में सीएमए की भूमिका अहम

- एनआईआरसी-आईसीएमएआई का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन हुआ
- एमएसएमई यूपी पावरिंग विकसित भारत पर की चर्चा
- पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग कंपनियों के निदेशक भी पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एकाउंटेंटस आफ इंडिया की नॉर्दर्न इंडिया रीजनल काउंसिल (एनआईआरसी) ने रविवार को गोमतीनगर स्थित होटल ग्रैंड जेबीआर में एक दिवसीय उत्तर प्रदेश राज्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय एमएसएमई यूपी पावरिंग विकसित भारत 2047 था। इसमें विशेषज्ञों ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लघु उद्योगों एवं कॉस्ट अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, विशिष्ट अतिथि एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला एवं सुधीर एस हलवासिया ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग कंपनियों के निदेशकों ने भी सहभागिता की। चेयरमैन आईसीएमएआई-लखनऊ चैप्टर के सीएमए रंजीत सिंह ने बताया कि विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में एमएसएमई क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि सरकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करने और एमएसएमई के समग्र विकास में कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के कन्वीनर हनी सिंह ने ने सम्मेलन के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। सभी अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान देशभर से बड़ी संख्या में सीएमए प्रोफेशनल्स, छात्र एवं उद्यमियों ने भाग लिया।




कॉन्फ्रेंस में विचार रखते सुधीर एस हलवासिया, मंचन पर मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

### इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

- कार्यक्रम के दौरान राकेश यादव ने बताया कि किस प्रकार एक सीएमए, सरकार और एमएसएमई उद्योगों के बीच एक मजबूत पुल के रूप में कार्य करता है।
- वित्तीय अनुशासन एवं लागत प्रबंधन (कास्ट मैनेजमेंट) के माध्यम से ही छोटे उद्योगों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है।
- विशेषज्ञों ने कहा कि सीएमए पेशेवर किस प्रकार सरकारी सब्सिडी, ऑडिट और वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करा एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बना रहा है।

### रेल कर्मियों के लिए व्यवस्था में बड़ा सुधार

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेलवे बोर्ड स्वास्थ्य सेवाओं को सरल, पारदर्शी, त्वरित एवं पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में ठोस पहल की है। नई व्यवस्था का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों, पेंशनभोगियों एवं उनके आश्रितों को कागजी औपचारिकताओं से मुक्त कर बेहतर एवं सहज स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब रेलवे अस्पतालों एवं हेल्थ यूनिट्स में उपचार, दवा वितरण तथा रेफरल संबंधी प्रक्रियाएं चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह पेपरलेस की जाएंगी। यह जानकारी समर्थ गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे ने दी। उन्होंने बताया कि मरीजों को केवल अपना यूएमआईडी (उम्मीद) कार्ड एवं एचएमआईएस में पंजीकृत मोबाइल नंबर साथ रखना होगा। डॉक्टर द्वारा इस प्रणाली में दवा दर्ज किए जाने के बाद मरीज सीधे फार्मेसी से यूएमआईडी नंबर के माध्यम से दवा प्राप्त कर सकेंगे। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नई व्यवस्था में डिजिटल रेफरल प्रणाली को भी और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है।

## बुक अ ट्रीट ने किया सामुदायिक जुड़ाव के साथ साहित्य पर संवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बुक अ ट्रीट ने माल एवेन्यू स्थित होटल सराका लेबुआ में संवाद, साहित्य और सामुदायिक जुड़ाव के साथ अपनी तीसरी वर्षगांठ मनाई। आज के समय में जब सार्थक संवाद कम होते जा रहे हैं, पढ़ने वालों का समुदाय एक सुरक्षित और गैर-आलोचनात्मक मंच के रूप में उभर रहा है, जहां लोग खुलकर अपने विचार साझा कर सकते हैं, सीख सकते हैं और अपने आप को विकसित कर सकते हैं। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन किया गया।

शिल्पा गुप्ता द्वारा स्थापित बुक अ ट्रीट की शुरुआत पढ़ने की आदत को बनाए रखने के एक सरल प्रयास के रूप में हुई थी, जो आज एक सशक्त मंच बन चुका है। जहां संवाद, आत्म-विकास और सामूहिक सीख को बढ़ावा दिया जाता है। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में आधिकारिक वेबसाइट भी शुरू की गई। जिसके माध्यम से सदस्य अपने विचारों और अनुभवों को वैश्विक स्तर पर साझा कर सकेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था पुस्तक स्ट्रैप्स कोएलिशन एंड पावर गेम्स के विषय पर विस्तार से संवाद हुआ, जिसे पुस्तक की लेखिका सुनीता एरन ने प्रस्तुत किया। उन्होंने जाति, वर्ग और सांप्रदायिक राजनीति की विभिन्न परतों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के सार को उजागर किया। कांशी राम, कल्याण सिंह, मुलायम सिंह यादव, मायावती, अखिलेश यादव और योगी आदित्यनाथ जैसे कुछ नेताओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। बीना कृष्णा के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में डॉ. उर्वशी साहनी ने कार्यक्रम को और समृद्ध किया। जिनके तीन दशकों से अधिक के सामाजिक और शैक्षिक कार्यों ने दर्शकों को गहराई से प्रेरित किया।



आयोजकों और अतिथियों के साथ सम्मानित की गईं विभूतियां। अमृत विचार

# विभूतियों को दिया एवरीडे हीरोज अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** आर्ट ऑफ़ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने और संस्थापक रविशंकर के 70वें जन्मदिवस पर गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को एवरीडे हीरोज अवार्ड से सम्मानित किया गया।

द आर्ट ऑफ लिविंग लखनऊ चैप्टर के अनसंग हीरोज अवार्ड का शुभारंभ अशोक सिंह, गणेश, जीतेन्द्र और डॉ. रीता वहल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सचिन श्रीवास्तव लखनऊ (लाइफ मैन), सर्वेश अवस्थी अयोध्या (समाज सेवी चाइल्ड वेलफेयर), रोहन सिंह अमेठी (ग्रीन एनर्जी सेक्टर को बढ़ावा), हर्षलता शाही अमेठी (इन्टरनेशनल एथलीट), अश्विनी मध्यानी (क्रिकेट में योगदान), ओमप्रकाश शर्मा लखनऊ (समर्पित पर्यावरण संरक्षण), अभय श्रीवास्तव सीतापुर (सेल्फ टाट आर्टिस्ट), राजेश अग्रवाल सीतापुर (गौ सेवक), स्वदेश श्रीवास्तव सीतापुर (क्रिकेट कोच) को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के एपेक्स मेम्बर्स सुयश अग्रवाल, जार्ज फ़िलिप, सीनियर फैकल्टी प्रदीप कुमार पाठक, शिव कुमार श्रीवास्तव, नमिता उपाध्याय, तनुज नारायण, नीरु शर्मा, अनिकेत जोशी, योगेश शर्मा, अंजली सिंह, गौरव सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### समस्याएं सरकार तक पहुंचाने को साधु-संतों ने निकाली पदयात्रा

**अमृत विचार, लखनऊः** साधु-संतों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में 5 दिवसीय पदयात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य साधु-संतों के कल्याण और मंदिरों की सुरक्षा के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग करना है। पदयात्रा में शामिल साधु-संतों का आरोप है कि विभिन्न मंदिरों से जुड़े साधु-संतों की उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि मंदिरों पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे किए जा रहे हैं और आर्थिक रूप से कमजोर साधु-संतों को प्रताड़ित किया जा रहा है। संतों का यह भी कहना है कि बीमार होने पर उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलती और न ही उनकी सुध लेने वाला कोई है। पदयात्रा संयोजक राजा दास ने बताया कि यह यात्रा साधु बाबा स्थान जेहटा माल रोड से सुंदरकांड के पाठ के साथ आरंभ हुई। पूजन अनुष्ठान के दौरान विभिन्न मठ-मंदिरों के साधु-संत और कलाकार शामिल हुए।

## सिटी डायरी



पात्रों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### पंचकल्याणक महोत्सव के मुख्य पात्रों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमती नगर जैन मंदिर में रविवार को चंद्रप्रभु जैन सेवा संस्थान गोमती नगर एवं प्रतिष्ठा महोत्सव समिति काकोरी) की समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पारस धाम (काकोरी) पंचकल्याणक महोत्सव के मुख्य पात्र माता-पिता रिषभ जैन, सौधर्म इंद्र विशाल जैन, कुबेर रोहित जैन, ईशान इंद्र अरिंजय जैन इसके साथ ही डॉ. सारांश, अम्बरीष जैन, अनीता सुधीर जैन, आलोक, पीयूष और संजय जैन आदि का सम्मान किया गया। यह महोत्सव पट्टाचार्य शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में 24 जून से 29 जून तक होगाा। जिसमें तीर्थंकर आदिनाथ की 21 फीट ऊंची प्रतिमा की प्रतिष्ठा की जाएगी। जंबू प्रसाद जैन, जवाहरलाल जैन, अरविंद जैन, मीनू जैन, शरद जैन, डॉ. जीवन प्रकाश आलोक जैन, संदीप, विनय कपूर आदि रहे।



फूल माला पहनाकर पार्षद को सम्मानित करते कॉलोनी के लोग।

### पार्षद का किया नागरिक अभिनंदन

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम जोन के अंतर्गत ठाकुरगंज स्थित बसंत विहार कालोनी में रविवार को क्षेत्रीय नागरिकों ने पार्षद मनीष रस्तोगी का फूल माला पहनाकर सम्मान किया। कालोनी में कराए गए विकास कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि अंजनी श्रीवास्तव ने कहा कि पार्षद के कराए विकास कार्यों की चर्चा है। विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए मेरा जो सहयोग संभव हो सकेगा वह मैं करुंगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए मेरे दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। कार्यक्रम में रूपेश अग्रवाल, राजेश यादव, किशोर, फुरकान, विपिन सिंह, अवध प्रकाश शुक्ला, आशीष शर्मा ने अतिथियों का सम्मान किया। क्षेत्र के बुजुर्ग, युवा और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



बैठक में भाग लेते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### ऑफिसर्स एसोसिएशन ने की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को फील्ड हॉस्टल कार्यालय में हुई। इसमें बिजली कंपनियों में कार्यरत दलित अभियंताओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की गई। मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग कर सभी कंपनियों में उच्च स्तरीय जांच कराने की बात कही गई। आरोप लगाया कि दलित अभियंताओं के निलंबन, पदोन्नति रोकना और अनुचित दंड जैसी कार्रवाइयां सामने आ रही हैं। एसोसिएशन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला, तो दलित अभियंता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



शिविर में दवा का वितरण करते हुए मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली।

### स्वास्थ्य शिविर लगाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया की ओर से निजी अस्पताल के सहयोग से दारुल उलूम फरंगी महल ईदगाह में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया फरंगी महल ने किया। शिविर में डॉ शारिक हबीब व उनकी पूरी टीम, टेक्नीशियन उवैस अहमद, जुबैर अहमद किदवाई, अदनान खां रहे।

बैठक | तैलिक साहू महासभा की प्रांतीय मासिक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने किया आह्वान

# समाज को एकजुट करें तभी मिलेगा राजनीतिक मुकाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा की प्रांतीय मासिक बैठक ए ब्लॉक कॉमनहाल दारुलशफा हजरतगंज में हुई। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल लाल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश प्रभारी रमेश साहू एवं प्रदेश अध्यक्ष सिद्ध गोपाल साहू, दिलीप साहू ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज को एकजुट करने का कार्य करें तभी राजनैतिक मुकाम हासिल होगा। संचालन श्यामलाल एवं लखनऊ जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने किया। शाहजहांपुर के अजय पाल राठौर को उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा का प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कुलदीप साहू को महोबा व सत्य सरण साहू को बाराबंकी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल लाल गुप्ता जी ने कहा कि 114 वर्ष पुरानी इस संस्था का पहला अधिवेशन उत्तर प्रदेश में ही हुआ था, राष्ट्रीय अधिवेशन भी यहीं पर होना चाहिए। महासभा के प्रदेश प्रभारी रमेश साहू ने कहा कि पूरे भारत में तैलिक समाज की आबादी दस प्रतिशत से अधिक है लेकिन उस अनुपात राजनैतिक भागीदारी नहीं मिल रही है। प्रदेश अध्यक्ष सिद्ध गोपाल साहू ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम करने की जरूरत है जब हम समाज के बीच में काम करेंगे तभी उत्तर प्रदेश में तैलिक साहू महासभा सबसे मजबूत संगठन बनकर उभरेगा।

प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक भी जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष तक नहीं है। वहीं अन्य समाज के लोगों के कई पदाधिकारी मौजूद हैं। यहां तक लखनऊ जैसे बड़े शहर में अपने समाज का एक भी निर्वाचित पार्षद तक नहीं है। स्वयं तो मोदी जी के नाम पर सत्ता व संगठन में भरपूर फायदा ले रहे हैं लेकिन मोदी के समाज के लोगों को हाशिए पर रखे हुए है। इसमें सुरेश साहू, प्रवेश राठौर, श्याम चरण राठौर, भोला शंकर साहू, इन्द्रजीत कुमार गुप्ता, मोहन गुप्ता, श्यामलाल साहू समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।




तैलिक महासभा की बैठक को संबोधित करते प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दिलीप साहू। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई पुलिस ने विवाहिता सलोनी (27) की मौत के मामले में आरोपी पति अरुण कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वृंदावन के आसरा एंक्लेव में रहता है। गोमतीनगर विनयखंड निवासी लाल सिंह ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि बेटी सलोनी की शादी 2 दिसंबर 2024 में अरुण से की थी। शादी के बाद से आरोपी दहेज के लिए सलोनी को प्रताड़ित कर रहे थे। सलोनी का शव बीते गुरुवार को कमरे में लटका मिला था।

### रेलकर्मी पर किया रॉड से हमला

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा में आरडीएसओ गुरुद्वारे के पास स्थित शर्मा मार्केट में शनिवार रात रेलकर्मी पर रॉड से हमला किया गया। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पारा पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। हजरतगंज स्थित डीआरएम कार्यालय में कार्यरत सूर्यनगर निवासी लोकेश श्रीवास्तव (43) शनिवार रात करीब 9 बजे शर्मा मार्केट गए थे। बाजार में वह कुछ लोगों के साथ गृहकर से संबंधित चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक वहां आया। नशे में होने का आरोप लगाते हुए अभद्रता करने लगा। विरोध पर आरोपी ने अपने घरवालों को बुला लिया। इसके बाद आरोपी ने रॉड से उनके सिर पर कई वार किए।

### करंट लगने से गई युवक की जान

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज के मलौली गांव में रविवार शाम तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मलौली गांव में रहने वाले शुकरू (22) मजदूरी का काम करता था। रविवार शाम करीब सात बजे गांव के रहने वाले जसकरन के घर की बिजली के तारो में स्पार्किंग होने से घर की बिजली चली गई। तभी लाइट ठीक करने के लिए जसकरन ने शुकरू को बुलाया। वह लाइट को ठीक कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि मृतक के परिवार में पत्नी, 03 वर्ष की बेटी प्राची व डेढ़ वर्ष की बेटी श्रद्धा है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** सीतापुर रोड स्थित इंदौराबाग पुलिस चौकी के पास रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही गोसाईंगंज पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के दौरान मृतक के कपड़ों की तलाशी ली। इस दौरान मृतक के पास मिले आधार कार्ड से शव की पहचान अरुण कुमार (45) निवासी भरथना रोड वार्ड नंबर 6 नवीन बस्ती बिधूना औरैया के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि अरुण प्राइवेट नौकरी करता था। घटना से पहले वह अपने 18 वर्षीय बेटे यशू को बीकेटी स्थित इंटर कॉलेज में नीट की परीक्षा दिलवाने आया था।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** महिगवां थाना क्षेत्र के कुम्हरावां–बाबागंज रोड पर रविवार सुबह बेकाबू बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की उंगली कट गयी और दायां पैर टूट गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताय जा रहा है कि राजबहादुर सिंह (65) बाइक से गुलालपुर की तरफ से लखनऊ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वह कुम्हरावां की तरफ मुड़ रहे थे कि सामने से आ रहे बाइक सवार बाराबंकी निवासी सौरभ ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं।

# इशकांत स्विमिंग क्लब ओवरऑल चैंपियन

## जिला स्तरीय वीकेएस फाउंडेशन तैराकी प्रतियोगिता में जीते 15 स्वर्ण, 9 रजत और 4 रजत पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** वीकेएस फाउंडेशन तैराकी जिला चैंपियनशिप में इशकांत स्विमिंग क्लब की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। उसके तैराकों ने 15 स्वर्ण, 9 रजत और 4 कांस्य समेत 28 पदक जीते। इशकांत स्विमिंग क्लब के अभिकल्प शर्मा को सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में वीकेएस फाउंडेशन के निदेशक शिवम विजय साहू ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन के देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन ला मार्टिनियर बॉयज के समर्थ सिन्हा ने बालक ग्रुप डी में 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले और 50 मीटर बटरफ्लाई में दो स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। बालिकाओं में विद्या निकेतन की ममता सोनकर (ग्रुप सी) और दुर्गा चौहान (ग्रुप डी) ने 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक हासिल किया।

वहीं 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में अयान यादव (सीएमएस राजेंद्र नगर), अनन्या सिंघानिया (एलपीसी गोमतीनगर), अर्चित सिंह और आराध्या बाजपेयी ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। ग्रुप ए में सात स्वर्ण और तीन रजत पदक के साथ एलपीसी गोमतीनगर शीर्ष पर रहा। ग्रुप बी में ला मार्टिनियर गर्ल्स ने पांच स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में इशकांत स्विमिंग क्लब ने नौ स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदकों के साथ दबदबा बनाया। ग्रुप डी में सरस्वती विद्यालय तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य के साथ पहले स्थान पर रहा। समापन समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कीर्ति मिश्रा, यूपी स्विमिंग एसोसिएशन के निदेशक रविन कपूर और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जितेंद्र सोनकर मौजूद रहे।


ट्रॉफी और पदक के साथ खुशी का इजहार करते इशकांत स्विमिंग क्लब के खिलाड़ी, साथ में अतिथि और आयोजक। अमृत विचार

## इंटर स्टेट डिविजनल रोलबॉल चैंपियनशिप में लखनऊ उपविजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगरा में हुई प्रथम सब जूनियर उत्तर प्रदेश इंटर स्टेट डिविजनल रोलबॉल चैंपियनशिप में लखनऊ की टीम ने उपविजेता का खिताब जीता। फाइनल में उसे मेजबान आगरा टीम ने पराजित किया। रोलबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि निर्धारित समय तक लखनऊ टीम ने कप्तान हर्ष के तीन और आरुष के एक गोल की बदौलत आगरा को 4–4 की बराबरी पर रोक दिया। अतिरिक्त समय में आगरा ने दो गोल दागते हुए 6–4 से मैच जीतकर खिताब पर कब्जा कर लिया। लखनऊ टीम के गोलकीपर वीर प्रताप सिंह ने बेहतरीन बचाव किए। हर्ष पांडेय, आरुष, वंश, विख्यात, अगस्त्य, अमय, आयुष्मान, अनय और वीर प्रताप सिंह ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रोलबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की सचिव मंजू श्रीवास्तव ने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं मनोज वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, प्रकाश मिश्रा, आदित्य बाजपेयी और सविता सिंह ने टीम को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।


ट्रॉफी और पदकों के साथ लखनऊ टीम के खिलाड़ी व अन्य।

# सहज हॉस्पिटल की फार्मेसी में 12.55 लाख का गबन

- शक होने पर प्रबंधन ने कराया ऑडिट, बिल और स्टॉक में मिली गड़बड़ी
- डीसीपी पूर्वी के आदेश पर गोमतीनगर थाने में तीन कर्मियों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर स्थित सहज हॉस्पिटल की रोशन फार्मेसी में कार्यरत तीन कर्मचारियों ने करीब 12.55 लाख का गबन किया। शक होने पर प्रबंधन ने एक साल का ऑडिट कराया तो हेराफेरी सामने आ गई। पता चला कि आरोपियों ने बिल व स्टॉक में खेल करते हुए फर्जीवाड़ा किया। करतूत सामने आने पर आरोपी त्यागपत्र मेज पर छोड़कर भाग गए। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के आदेश पर गोमतीनगर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

विरामखंड-1 स्थित सहज हॉस्पिटल के डा. राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि फार्मेसी के संचालन, स्टॉक प्रबंधन, खरीद रिकॉर्ड, बिलिंग और वित्तीय अभिलेखों की जिम्मेदारी संतोष कुमार कन्नौजिया, शिवम यादव और नूर अब्दुल्ला अंसारी के पास थी। कुछ महीनों से गड़बड़ी का शक होने पर प्रबंधन ने 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की ऑडिट करायी। ऑडिट में वित्तीय रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर, खरीद बिल, बिलिंग रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों में हेराफेरी मिली।

यही नहीं मूल स्टॉक और रिकॉर्ड में काफी अंतर मिला। इसके साथ ही खरीदे गए सामान के बिलों और स्टॉक में कमियां मिली। रिकार्ड में कई इंट्री अधूरी और फर्जी मिली। प्रबंधन का आरोप है कि रिकॉर्ड के रखरखाव में लापरवाही, हेरफेरी के प्रमाण मिले हैं। ऑडिट में करीब 12,55,429 रुपये की हेराफेरी मिली है। डा. चौधरी ने बताया कि आरोपी कर्मियों से पूछताछ की तो गयी तो उन्होंने अपनी मौजूदगी में ऑडिट कराने की मांग की थी। इसपर दोबारा ऑडिट कराया गया, जिसमें तीनों कर्मचारियों के हस्ताक्षर भी कराए गए। 7 अप्रैल 2026 को तीनों कर्मचारी बिना सूचना दिए रिसेप्शन पर त्यागपत्र रखकर चले गए। फर्जीवाड़ा सामने आने पर डा. राकेश कुमार चौधरी और मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अमितेश पाठक ने डीसीपी पूर्वी से मुलाकात कर मामले की शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर गोमतीनगर पुलिस ने संतोष कुमार कन्नौजिया निवासी बलिया, शिवम यादव निवासी सरसौंदी बाराबंकी व नूर अब्दुल्ला अंसारी निवासी खदरा सीतापुर रोड के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ऋषि, मेहर, आशी और आइरा को वाइल्ड कार्ड एंट्री



मैच के दौरान बॉल रिटर्न करते श्रेयंत महंतेशा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**टेनिस टूर्नामेंट**

- बालिका वर्ग में भारत की शाजफा वानिया, मानवी राठ, पूर्वी पटवा ऑस्ट्रेलिया की तृषा जानी जीतीं

**अमृत विचार:** गोमती नगर विजयंत खंड स्थित टेनिस एरिना में चल रहे आईटीएफ जूनियर जे-30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए क्वालीफायर मुकाबलों में खिलाड़ियों ने मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। बालक वर्ग में श्रेयंत महंतेशा, पार्थिव नल्लागुंडला, माधव दाधीच और हर्ष मारवाहा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।

बालिका वर्ग में भारत की शाजफा वानिया, मानवी राठ, पूर्वी पटवा और ऑस्ट्रेलिया की तृषा जानी ने जीत दर्ज कर मुख्य ड्रॉ का टिकट हासिल किया। यूपी टेनिस एसोसिएशन (यूपीटीए) और केसरी स्पोर्ट्स की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में यूपी के अभिउदय सिंह मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने से चूक गए।

वहीं मुख्य ड्रॉ में बालक वर्ग में यूपी के ऋषि यादव और मेहर सिंह खोसला के साथ बालिका वर्ग में आशी शमसेरी और आइरा को वाइल्ड कार्ड एंट्री दी गई है। रविवार को खेले गए मुकाबलों में श्रेयंत महंतेशा ने अभिउदय सिंह को 6-0, 6-3 से हराया। पार्थिव नल्लागुंडला ने सार्थक अशोक गायकवाड़ को 6-1, 6-4 से पराजित किया। माधव दाधीच ने रोमांचक मुकाबले में अथर्व श्रीरामोजु को 4-6, 6-2, 11-9 से हराया, जबकि हर्ष मारवाहा ने श्लोक चौहान को 6-3, 7-6(5) से मात दी।

बालिका वर्ग में पूर्वी पटवा ने शरण्या श्रीवास्तव को 6-1, 6-0 से हराया। शाजफा वानिया ने धानी को 6-1, 6-0 से पराजित किया, जबकि मानवी राठ ने सारा फेंगसे को 6-4, 6-4 से हराया। तृषा जानी ने एशान्या खट्टर को 6-3, 6-2 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। आयोजन सचिव समित केसरी के अनुसार सोमवार से मुख्य ड्रॉ के मुकाबले सुबह साढ़े आठ बजे से खेले जाएंगे। बालक और बालिका वर्ग में 32-32 खिलाड़ियों का ड्रॉ है, जिसमें 24 खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश मिला है। चार खिलाड़ी क्वालीफायर से पहुंचे हैं, जबकि चार खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया है।

# पेंशन सत्यापन के दौरान बनेंगी फैमिली आईडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में वृद्धा पेंशन सत्यापन के दौरान लाभार्थियों की ''एक परिवार एक पहचान'' फैमिली आईडी बनेंगी। करीब आठ हजार लाभार्थी अभी भी फैमिली आईडी से वंचित हैं। सत्यापन के दौरान फैमिली आईडी से वंचित मिलने पर लाभार्थियों के ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली पेंशन की किस्त का सत्यापन शुरू हो गया है। जिले में नए व पुराने करीब 78 हजार पेंशन लाभार्थी हैं। इन सभी का सत्यापन 25 मई तक पूर्ण होना है। नई व्यवस्था के तहत सभी लाभार्थियों की फैमिली आईडी बनना है। इससे उन्हें अन्य योजनाओं से वंचित होने पर लाभ मिलेगा और फर्जीवाड़ा पर लगाम लगेगी। आठ हजार लाभार्थी ऐसे हैं जिनकी फैमिली आईडी नहीं बनी है। ऐसे लाभार्थी पेंशन सत्यापन के दौरान आसानी से चिह्नित हो जाएंगे और वंचित मिलने पर उनकी सूची तैयार करके संबंधित सचिवों को दी जाएगी। उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन कराकर फैमिली आईडी बनाई जाएंगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मृतक व अपात्रों के नाम काटने समेत पूरी प्रक्रिया 10 जून तक पूर्ण करनी है। जुलाई में खातों में इस वर्ष की पेंशन की पहली किस्त आएगी।

## सिटी डायरी



जानकारी देते पदाधिकारी।

### अवध कैटरर्स एसोसिएशन की बैठक में एक्सपो को लेकर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवध कैटरर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक बैठक हजरतगंज के एक निजी होटल में हुई। इसमें संस्था के पदाधिकारियों ने जुलाई में होने वाले कार्यक्रम की रणनीति पर मंथन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय तिक्खा ने बताया कि 17, 18 व 19 जुलाई को गोल्डन ब्लॉसम में एक एक्सपो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के कैटरर्स, रेस्टोरेंट संचालक, शेफ व इंडस्ट्री एक्सपर्टस भाग लेंगे। एक्सपो में 200 स्टॉल्स लगेंगे, जहां कैटर्स अपना प्रदर्शन करेंगे। एक्सपो में प्रतिदिन 3000 विजिटर्स आने की संभावना है। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव कमल सचदेवा, उपाध्यक्ष शिव अजवानी, साकेत केसरवानी, आकाश मिश्रा, कोषाध्यक्ष हेमंत गिरी, ज्वाइंट सेक्रेटरी एजाज अहमद सहित बोर्ड सदस्य अशोक गुरनानी, संदीप आहूजा, अंकित खत्ती, राजीव गुरनानी मौजूद रहे।


ट्रेन में पकड़े गए अवैध वेंडर और बरामद सामान।

### स्टेशन पर पकड़े 18 अवैध विक्रेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से अवैध विक्रेताओं के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। समर्थ गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे ने बताया कि सहायक वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कांत यादव के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम ने आरपीएफ के सहयोग से गाड़ी संख्या15065 में जांच की। जिसमें 11 अनधिकृत विक्रेताओं को पकड़ा गया। सभी को अग्रिम कार्रवाई के आरपीएफ को सौंप दिया गया। इसके अतिरिक्त, अलग कार्रवाई में 7 अन्य अनधिकृत विक्रेताओं को लखनऊ स्टेशन पर खाद्य सामग्री बेचते हुए पकड़ा गया। ये विक्रेता भी बिना अनुमति के यात्रियों को खाद्य सामग्री बेच रहे थे।


कार्यक्रम में मौजूद सपा के पदाधिकारी।

### सपा ने किया कार्यक्रम

**अमृत विचार, काकोरी :** लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बसंतकुंज सेक्टर–पी में पीडीए समाजवादी महिला स्वाभिमान संकल्प सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता मलिहाबाद राजबाला रावत और संचालन मिर्जा इजहार बेग ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता फकरुल हसन चांद ने महिलाओं को एक–एक लेडीज सूट देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय महासचिव रिंकी सिंह, मोहम्मद ऐबाद, महिलासभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रूबी खान, कोषाध्यक्ष वन्दना चतुर्वेदी, ब्लाक प्रमुख बिसवां शान्ती यादव, पूर्व मंत्री राजेश यादव, निहाल अहमद सिद्दीकी मौजूद रहे।



शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों की जांच

**अमृत विचार, उन्नाव :** रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव एवं मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में अलहूदा इंटर कॉलेज में एक नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मेदांता के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लगभग 150 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुंवर अजय सिंह प्रबंधक, डॉ. हरिवंश राय बच्चन महाविद्यालय ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।

## सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाने के करीब ट्रक खराब होने के कारण नीचे उतर कर जांच कर रहे चालक को दूसरे ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। मूल रूप से कानपुर देहात स्थित अकबरपुर के कृपालपुर निवासी प्रताप सिंह (43) ट्रक चालक था। भाई लाखन सिंह ने बताया कि उनका भाई प्रताप सिंह पांच दिन पूर्व ट्रक चलाने के लिए घाटमपुर कमरई से ट्रक में गिट्टी लादकर लखनऊ आया था। डिलीवरी के बाद वह रविवार तड़के 4 :00 बजे वापस लौट रहा था। रास्ते में गोसाईंगंज थाने के पास ट्रक अचानक खराब हो गया। वह ट्रक से उतरकर जैसे ही सड़क पैदल बढ़े, तभी बेकाबू ट्रक उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में प्रताप की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने जेब में ड्राइविंग लाइसेंस से मिले पते से घरवालों को घटना की सूचना दी।

## ई-रिक्शा और पिकअप की टक्कर, चार घायल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र के शहीद पथ स्थित सर्विस रोड पर रविवार शाम ई–रिक्शा एवं पिकअप में आमने–सामने भिड़त हो गई। हादसे में ई–रिक्शा सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई हैं। न्यू गुडौरा निवासी रविन्द्र कुमार ई–रिक्शा में चार सवारियां लेकर बिजनौर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान शहीद पथ रोड स्थित एलआईसी बिल्डिंग के सामने विपरीत दिशा से आ यही पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई–रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ई–रिक्शा चालक रविंद्र कुमार, पिंकी, ऐश्वर्या और विवेक घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने पिकअप चालक सुशील कुमार को हिरासत में ले लिया है।

**शिकंजा**

ग्राम पंचायतों के ऑडिट में करोड़ों गबन के मामले में एडीओ ने शुरू कराया सत्यापन

# सत्यापन के आधार पर दर्ज होगी सचिवों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर करोड़ों रुपये गबन प्रकरण में सचिवों पर सत्यापन के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। सभी विकास खंड पर संबंधित एडीओ पंचायत ने कार्यों का सत्यापन शुरू कर दिया है। यदि कार्य या अभिलेख मिलते हैं तो सचिवों को राहत मिल सकती है।

जिले में विशेष लेखा परीक्षा टीम को वर्ष 2018-20 तक के ऑडिट में ग्राम पंचायत रतियामऊ, कपेरामदारपुर, घुसकर, रहटा, नारायनपुर, सैदापुर, गोधना, सरसवां, फतेहपुर में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता मिली थी। कहीं धरातल पर कार्य नहीं मिले तो कहीं किए गए भुगतान के बिल व बाउचर नहीं दिए गए। कई बार सचिवों को नोटिस जारी गए, रिमाइंडर भी किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने किसी तरह का जवाब व साक्ष्य न मिलने पर गबन मानकर एडीओ पंचायत को संबंधित छह सचिवों पर एफआईआर के आदेश दिए। इस क्रम में एडीओ पंचायत ने कार्यों का सत्यापन शुरू कर दिया है। इन पंचायतों में इतने रुपये का गबनब्लॉक गोसाईगंज की ग्राम पंचायत रतियामऊ में वर्ष 2019-20 में 22,94,812 रुपये, ग्राम पंचायत कपेरामदारपुर में वर्ष 2019-20 में 24,47,303 रुपये व घुसकर में 53,89,564 रुपये की वित्तीय अनियमितता। माल ब्लॉक की ग्राम पंचायत रहटा में वर्ष 2019-20 में 20,40,558 रुपये, नारायनपुर में वर्ष 2018 से 20 तक 43,72,009 रुपये व सैदापुर में वर्ष 2019 में 25,95,428 रुपये, बीकेटी ब्लॉक की ग्राम पंचायत गोधना में वर्ष 2018-19 में 27,87,472 रुपये, वर्ष 2019-20 में 70,000 रुपये व सरसवां में वर्ष 2018-19 में 15,16,359 रुपये, ब्लॉक मलिहाबाद की ग्राम पंचायत फतेहपुर में वर्ष 2019-20 में 20,17,995 रुपये का हिसाब नहीं है।

## गोधना में विकास कार्यों में मिली गड़बड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीणों की शिकायत पर बीकेटी की ग्राम पंचायत गोधना में कराए गए कार्यों में गड़बड़ी पकड़ी गई है। जांच कमेटी ने रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी है। सम्बंधित सचिव को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया जाएगा। गोधना के ग्रामीणों ने गांव में कराए गए कार्यों की 28 बिंदुओं पर शिकायत की थी। इनमें मनरेगा, पंचायती राज विभाग के कार्य शामिल हैं। जांच उपनिदेशक कृषि के नेतृत्व में गठित कमेटी ने की। इसमें कई कार्य में गड़बड़ी पाई गई। इसके साक्ष्य मौके पर नहीं मिले। प्रधान व सचिव स्पष्ट नहीं कर पाए। कमेटी ने रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दे दी है। उनके स्तर से सम्बंधित सचिव को नोटिस जारी किया जाएगा। जवाब न मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।